महत्वपूर्ण एवं खास

दुर्घटना में घायल ठेका कामगार की हालत गंभीर

कोरबा । कोरबा-कटघोरा मार्ग में दर्री बस स्टैंड के पास तिराहे पर अज्ञात पिकअप वाहन के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाकर टक्कर मारकर बाइक से बालको प्लांट जा रहे कामगार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे 112 डायल वाहन से जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दर्री थानांतर्गत नगोईखार बस्ती निवासी सुरीतलाल कश्यप उम्र 45 पिता दिलाराम कश्यप बालको प्लांट में काम करता है। रोजाना की भांति अपनी बाइक से नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लिए 9 बजे के लगभग बालको आ रहा था। बस स्टैंड दर्री तिराहे पर मोड़ के पास पहुंचा कि अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल कामगार को तत्काल दर्री पुलिस ने 112 डायल वाहन से जिला अस्पताल भिजवाकर उसे उपचार के लिए दाखिल करवा दिया। जहां उसका उपचार जारी है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाकारित पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं उसके चालक को पूछताछ के लिए सरगर्मी से तलाश किया जा रहा है। इसी कड़ी में चालक के परिवार को नोटिस भी दे दी गई है।

जहर सेवन से दो युवकों की हालत नाजुक

कोरबा । जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जहर सेवन करने के उपरांत उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए गए दोनों युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। हालांकि अस्पताल चौकी पुलिस ने उनका बयान दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार करतला थानांतर्गत ग्राम बताती निवासी युवक पतंग सिंह कंवर उम्र 25 पिता बुधराम कंवर गत रात्रि किन्हीं कारणों को लेकर घर में विवाद होने पर शराब पीने के बाद जहर सेवन कर लिया। जिसकी हालत बिगडऩे पर उसे उपचार के लिए करतला सीएचसी ले गए। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की जिला अस्पताल में हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल उसे बचाने के लिए चिकित्सकीय उपचार जारी है। वहीं बालको थानांतर्गत रजगामार चौकी के ग्राम करूमौहा निवासी संदीप खांडे उम्र 19 वर्ष पिता फिरतलाल खांडे ने शराब पीने के बाद नशा चढऩे पर किसी बात को लेकर जहर सेवन कर लिया। जिसकी हालत बिगडऩे पर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसकी भी हालत नाजुक बनी हुई है। ज्ञात रहे कि उसका भी अस्पताल चौकी पुलिस ने बयान दर्ज कर लिया है। इन दोनों युवकों के बयानों की प्रक्रिया विवेचना के लिए संबंधित क्षेत्र के थाना पुलिस को अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा रेफर किये जाने के लिए वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

सीईओ के घर पर तैनात होमगार्ड के जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला पंचायत सीईओ के घर पर होमगार्ड का जवान उमेश कुकड़े नाइट ड्यूटी में तैनात था, गार्ड रूम में ही जवान ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी सुबह पुलिस को तब लगी जब दूसरा स्टाफ उसे छोड़ाने के लिए आया, तो उसने जवान को फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाकर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जिला पंचायत के सीईओ रोहित व्यास के घर मे तैनात सुरक्षाकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवा दिया गया है, होमगार्ड का जवान उमेश कुकड़े नाइट ड्यूटी में जिला पंचायत सीईओ रोहित व्यास के सरकारी आवास पर तैनात था, गार्ड रूम में ही जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

अतिरिक्त आय के लिए धान बुवाई के पश्चात मेड़ो पर अरहर, तिल आदि फसल ले किसान

खेती-किसानी, उद्यानिकी एवं पशुपालन के संबंध में मौसम विभाग ने जारी किए सलाह

कोरबा (आरएनएस)। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार कोरबा जिले के अधिकांश भागों में आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जिले में आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान लगभग 32 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने की संभावना है। इन मौसम पूर्वानुमानों के आधार पर मौसम विभाग ने खेती-किसानी,एवं बागवानी फसलों के लिए भूमि की तैयारी के संबंध में तथा मौसम को देखते हुए पशुओं की देखभाल संबंधी सलाह भी जारी किए हैं। किसानो के अतिरिक्त आय के लिए धान बुवाई के पश्चात खेत के मेड़ो पर अरहर, तिलहन जैसे दलहन एवं तिलहन फसल लेने सलाह दी गयी है। वर्षा कालीन सब्जी फसल लेने के लिए पौध तैयार करने और लौकी, करेला,

कद्दूवर्गीय इत्यादि बेल वाली फसलों को बाडी में लगाने की सलाह दी गयी है। साथ ही टमाटर, बैगन, मिर्च, भिंडी एवं अन्य सब्जी फसलों में निदाई, गुडाई करने कहा गया हैं। बारिश के मौसम में मवेशियों का विशेष ध्यान रखने तथा कृमि नाशक दवा अल्बेन्डाजोल, फेनबेन्डाजोल आदि अवश्य खिलाने कहा गया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी सलाह अनुसार आगामी पांच दिनों के लिए जिले के किसानों को हल्की जमीनों में 100 से 115 दिन में पकने वाली धान की दंतेश्वरी, पूर्णिमा एवं इंदिरा बारानी धान-1, अन्नदा, समलेश्वरी, एमटीयू-1010 एवं आई आर-36 फसलें लगाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि प्रमाणित बीज की उपलब्धता नहीं होने पर धान के इन किस्मों को 17 प्रतिशत नमक के घोल एवं बावीस्टीन से उपचार कर बुवाई कर सकते हैं। मशीन से रोपाई करने के लिए मैट टाइप नर्सरी डालने कहा गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि वर्षा जल को खेत में रोकने का प्रयास करने, ताकि धान के 25-30 दिन होने बाद बियासी कर सकें।

मौसम विभाग ने मवेशियों की सुरक्षा के संदर्भ में सलाह देते हुए कहा है कि मवेशियों को वर्षा के पानी में भींगने न दें। फूट रोट से बचाव के लिए पशुबाडे के फर्स को यथा संभव सूखा रखें। मवेशियों को यदि पतला दस्त हो तो पहले कृमि नाशक दवा खिलाये उसके बाद एनटीजोल एवं रूमेन एफएस बोलस 2-2 बोलस सुबह शाम दो दिनों तक खिलाये। मुर्गी पालन करने वाले किसानों को मुर्गी घर में पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गयी हैं। जारी सलाह अनुसार धान बीजो को बुवाई पूर्व उपचार करने के लिए एजेटोबैक्टर 5 ग्राम, पीएसबी 10 ग्राम एवं बाविस्टिन 1.5 ग्राम दवा प्रतिकिलो बीज की दर से उपयोग करें। तीन से चार सप्ताह की नर्सरी को रोपाई से पहले कार्बोफ्यूरॉन दानेदार दवा 20 किलो प्रति एकड नर्सरी के हिसाब थरहा निकालने के चार दिने पहले खेत मे डाले। इसके पश्चात थरहा निकालकर रोपाई करे। किसानों को जारी सलाह अंतर्गत रोपा धान में सकरी पत्ती और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार को नियंत्रित करने के लिए रोपाई के 3 से 7 दिन के अंदर एक हेक्टेयर खेत में ब्यूटाक्लोर की 3 लीटर दवा को 500 लीटर पानी में मिलाकर छिडक़ाव करने को कहा गया है। मूंगफली एवं अरहर फसलों के लिए जल निकास की व्यवस्था कर बुवाई करने के लिए कहा गया है। साथ ही दलहनी फसलों का कल्चर से उपचार करके बुवाई करने कहा गया है। इसके लिए राइजोबियम कल्चर 5 ग्राम एवं पीएसबी 10 ग्राम प्रतिकिलो ग्राम बीज की दर से उपयोग करने की सलाह किसानों को दी गयी हैं।

न्यायिक रिमांड में भैंसा चोरों को भेजा गया जेल

कोरबा । पसान थाना क्षेत्र के ग्राम धौलपुर से एक किसान के 35 हजार रुपए कीमत की दो भैसों को चोरी करने वाले तीन चोरों को न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश करने के साथ उन्हें उपजेल कटघोरा पुलिस ने दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पसान थानांतर्गत ग्राम धौलपुर निवासी कृषक आनंदराम यादव पिता बुधराम यादव खेती-किसानी करने के लिए 35 हजार रुपए में दो नग भैंसा जोड़ी खरीद रखा था। इन भैंसों से वह अपने तथा अन्य लोगों के जुताई में भी काम लिया करता था। विगत 10 एवं 11 जुलाई की दरम्यानी रात्रि अपने भैंसों को चारा खिलाने के बाद उनको पास के कोठार में बांध दिया था। सुबह उठकर देखा तो उसके दोनों भैंसों को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ मवेशी चोरों का पता करने तथा अपने चोरी गए मवेशियों को खोजने के लिए निकला। मूड़ीमसान गांव की तरफ गया तो उसे पता लगा कि तीन व्यक्ति दो भैंसा पेंड्रा की तरफ ले जा रहे हैं। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना देकर उपरोक्त भैंसा चोरों को ग्राम बोकरामुड़ा थाना पेण्ड्रा जिला जीपीएम पहुंचकर उन्हें उलझाए रखा। इधर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के मार्गदर्शन तथा एएसपी अभिषेक वर्मा, कटघोरा एसडीओपी ईश्वर त्रिवेदी के निर्देशन में पसान थाना प्रभारी शिवकुमार धारी हमराह स्टाफ के साथ वहां पहुंच गया।

बताया जाता है कि पसान थाना प्रभारी धारी ने वहां पहुंचकर तेरसराम प्रजापति 30 वर्ष पिता अयोध्या प्रसाद प्रजापति थाना पेण्ड्रा तथा संतराम प्रजापति उम्र 28 पिता अयोध्या प्रसाद प्रजापति निवासी बोकरामुड़ा थाना पेण्ड्रा जिला जीपीएम तथा बिलासपुर जिले के थाना सीपत के ग्राम धौराडीह निवासी शिव कुमार प्रजापति उम्र 47 पिता मनहरण प्रजापति को पकडक़र थाना लाकर पूछताछ किया। आरोपियों ने अपना मवेशी चोरी का अपराध कबूल कर लिया जिन्हें मवेशी चोरी के जुर्म में कल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपियों के अपराध की गंभीरता को देखते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में पुलिस के माध्यम से उपजेल कटघोरा दाखिल करवा दिया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया कलेक्टर से मुलाकात

कोरबा । छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर, प्रांतीय सचिव तरुण वैष्णव एवं जिलाध्यक्ष हरिराम पटेल के नेतृत्व में कोरबा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संजीव कुमार झा से सौजन्य मुलाकात कर एसोसिएशन की ओर से अभिनंदन पत्र एवं पुष्प बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव तरुण वैष्णव एवं जिलाध्यक्ष हरिराम पटेल ने कलेक्टर को कोरबा जिले के शिक्षकों की स्थिति और उनकी वास्तविक समस्याओं से अवगत कराया और शिक्षा के क्षेत्र में हर अच्छे कार्य में एसोसिएशन के साथ रहने का विश्वास दिलाया।

वहीं एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ.गिरीश केशकर ने कलेक्टर से मुलाकात के बाद विश्वास व्यक्त किया कि मुलाकात सार्थक रही। जिले के शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। कलेक्टर का हर सकारात्मक कार्य में सहयोग और मार्गदर्शन जरूर मिलता रहेगा। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से प्रांताध्यक्ष डॉ गिरीश केशकर, प्रांतीय सचिव तरुण वैष्णव, कोरबा जिलाध्यक्ष हरिराम पटेल, देवेंद्र वर्मा, मोहन लाल, कौशल बंजारे, डी एस मिरी, रूप नारायण पटेल, कला मल्होत्रा, प्रकाश राजवाड़े, कपिल सवैये, भागीरथी चौहान, अशोक बंजारे, विनोद निराला, ओम प्रकाश महंत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

खदान से निकले पानी से नुकसान, किसानों ने सीजीएम कार्यालय का किया घेराव

कोरबा । एसईसीएल की स्थानीय खदान से निकले पानी को सही दिशा नहीं मिलने के कारण दादर इलाके में कई खेतों में उसकी पहुंच हो गई। इससे किसानों को नुकसान हुआ। उन्होंने इस मसले को लेकर एसईसीएल के सीजीएम कार्यालय का घेराव किया। इसी तरह अधिकारी ने मानमनौव्वल कर किसानों को चलता किया।

जानकारी के अनुसार अनुसार खदान से लगे डम्पिंग तालाब को पाटना जारी है। ऐसे में जल स्तर बढऩे पर खदान का पानी आसपास में किसानों के खेतों और बाडिय़ों तक पहुंच रहा है। इसके नतीजन वहां बोये गए बीज और वर्तमान में लगी फसल को नुकसान हो रहा है। किसानों ने कुछ दिन पहले इसे लेकर आपत्ति जतायी थी लेकिन कोई काम नहीं किया गया। यह समस्या लगातार बढऩे से किसानों के सामने दिक्कतें है। आज काफी संख्या में किसानों ने सीजीएम कार्यालय का घेराव करने के साथ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन के रवैय्ये पर एतराज जताया। ग्रामीणों का कहना है कि पानी निकासी के लिए डम्पिंग तालाब को पाटने के बजाये नया ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाना चाहिए। ऐसा होने पर खदान से पानी निकलने की स्थिति में उसे सुरक्षित बहाव के लिए विकल्प मिल सकेगा। किसानों ने कहा कि अगर इस ओर एसईसीएल के अधिकारी जरूरी कदम नहीं उठाते हैं तो आने वाले दिनों में खदान के भीतर घुसकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस स्थिति के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी।

10 साल की बच्ची से मकान मालिक ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 10 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। उससे रेप उसके ही मकान मालिक ने किया है। वह किराया लेने आया था। मगर किसी बहाने से रुका गया। इसके बाद उसने देखा की बच्ची अकेली है तो उससे रेप किया और भाग निकला था। मगर अब परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार उरगा इलाके का रहने वाला दाऊराम बरेठ 46 का सीएसईबी चौकी इलाके में भी घर है। उसने इस घर को किराए पर दे रखा है। वो हर महीने किराया लेना आता है। इस 6 जुलाई को भी वह किराया लेने आया था। बताया गया कक्षा.4वीं में पढऩे वाली बच्ची उस वक्त घर में अकेली थी। उसके माता पिता काम से कहीं बाहर गए हुए थे। मकान मालिक के घर पहुंचने पर लडक़ी ने उसे किराया दे दिया। लेकिन आरोपी दाऊराम ने कह दिया कि बेटा मैं थक गया हूं। यहीं आराम करूंगा। इसके बाद वह वहीं खाट लगाकर लेट गया था। कुछ देर बाद वह लडक़ी के पास गया और उसने बच्ची से रेप किया। फिर वहां से भाग निकला था। इधर जब बच्ची के परिजन घर पहुंचे, तब उन्हें बच्ची ने पूरा मामला बताया। इसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच की। लेकिन आरोपी फरार था। इस बीच मंगलवार को पुलिस को पता चला कि आरोपी किसी काम से अपने घर आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति की बैठक रलिया में सम्पन्न, एसईसीएल प्रबंधन से होगी मुद्दों की लड़ाई

कोरबा । ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति की बैठक 11 जुलाई 2022 दिन सोमवार को ग्राम रलिया के इकाई कार्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई:- ग्राम के सभी मूलनिवासियों को रोजगार दिलाने, सर्व सुविधा युक्त बसाहट दिलाने। शासकीय भूमि में बने मकान का 100 प्रतिशत सोलिशियम के साथ मुआवजा दिलाने। सहित संबंधित बहुत से ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से सभी सम्मानीय सदस्यों के बीच में चर्चा किया गया साथी आने वाले दिनों में एसईसीएल प्रबंधन को कैसे दबाव बनाया जाए जिससे भू-विस्थापितों की समस्या का निराकरण किया जा सके। एसईसीएल के आउट सोर्सिंग कंपनियों में भू विस्थापित सहित प्रभावित गांव के लोगों को रोजगार दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

ऊर्जा धानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति संगठन का विस्तार करते हुए सदस्यता अभियान को तेजी से गांव गांव मे जाकर लोगों को जोडऩा ग्रामों में बैठक कर एसईसीएल प्रबंधन के विरुद्ध चल रहे आंदोलन को और बृहद रूप से विस्तार करना बैठक में महत्वपूर्ण रूप से चर्चा का विषय रहा है आपको बता दें 2016-17 में ऊर्जा धानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के द्वारा एसईसीएल गेवरा दीपका का मेगा कोल ब्लॉक किया गया था उसी के तर्ज में फिर से रणनीति बनाने पर जोर दिया गया है और सारे सदस्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का भी आह्वान किया गया है वही जो हमारे सदस्यों द्वारा आपत्तियां दर्ज कराई गई थी उस पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा निर्णय लेते हुए संगठन को मजबूत करने की बातें की गई और संगठन विरोधी गतिविधि में शामिल लोगों को कड़े निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी या गलती ना किया जाए नहीं तो संगठन के कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेगी और जरूरत पडऩे पर ऐसे लोगों को संगठन से बाहर भी भविष्य में किया जा सकता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सीट नहीं मिलने से नाराज सेना के जवान ने कंडक्टर को बस से उतारकर चप्पल से पीटा

कोरबा । छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक बस कंडक्टर की जमकर पिटाई की गई। उसे कुछ लोगों ने सडक़ पर दौड़ा-दौड़ा कर लात-घूंसों और चप्पल से पीटा। कपड़े फाड़ दिए और कान पकड़ कर उठक-बैठक कराई। कंडक्टर की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह एक सवारी को कहने के बाद भी सीट नहीं दे सका था। इसका वीडियो वायरल है। मारने वाला आरोपी सेना का जवान बताया जा रहा है। मामले की शिकायत कोरबी पुलिस चौकी में की गई है। पुलिस मामले की जांच कर थ्स् दर्ज करने की बात कह रही है।

जानकारी के मुताबिक मामला पसना क्षेत्र के सिरमिना बस स्टैंड का है। वहां पहले से ही कुछ लोग खड़े थे। बालोद-कोरबा के बीच चलने वाली बस जैसे ही बस स्टैंड पर पहुंची, वहां खड़े लोगों ने कंडक्टर हीरेंद्र कुमार रजक को नीचे खींच लिया। इसके बाद उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान कंडक्टर हीरेंद्र हाथ जोडक़र माफी मांगता रहा, लेकिन आरोपी उसे पीटते रहे। कंडक्टर जान बचाने के लिए कभी सडक़ पर भागता, तो कभी किसी दुकान में घुस जाता, इसके बाद भी आरोपी उसे पीटते रहते। इस दौरान लोगों ने बीच-बचाव का भी प्रयास किया, पर पीटने वाले सुनने के लिए तैयार नहीं थे। एक महिला भी बचाव के लिए आई तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर सडक़ पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने कंडक्टर से उसके मालिक को बुलाने के लिए कहा और कान पकड़ कर सडक़ पर ही उठक-बैठक कराई। इस दौरान कंडक्टर हाथ जोडक़र माफी मांगता रहा। सडक़ पर घंटों हंगामा चलता रहा। किसी तरह मामला शांत हुआ। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। पुलिस ने देर शाम कंडक्टर का मेडिकल कराया है। उसने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले बालोद के बांगों क्षेत्र के ग्राम कोंनकोना निवासी आर्मी जवान दीवान प्रताप सिंह आर्मो उसकी बस में सिरमिना जाने के लिए चढ़ा था। भीड़ काफी थी, लेकिन उसने दीवान को सीट दिला देने की बात कही। सीट नहीं मिलने के कारण बस में भी विवाद हुआ था। उसकी सीट पर भी महिला बैठी थी, इसलिए उन्हें हटाकर जवान को बिठा नहीं सका। अगले दिन जवान अपने साथियों के साथ पहुंचा और मारपीट की।

थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया कि कंडक्टर हीरेंद्र कुमार की ओर से जवान व अन्य ग्रामीणों के खिलाफ शिकायत मिली है। मामले की जांच कर रहे हैं। पता चला है कि जवान छुट्टी पर अपने गांव आया था। आरोप है कि बस में हुए विवाद के बाद वह अपने परिचितों के साथ पहुंचा और मारपीट की। फिलहाल इस पूरी घटना को लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद वीडियो सब जगह वायरल हो रहा है।